an>

Title: Need to make a list of all the workers from Bihar who are working in Delhi and Mumbai.

श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय (गिरिडीह) : मैं आपके माध्यम से यह कहना चाहता हूं कि झारखंड प्रदेश और बिहार से घरेलू कामगार, महिलायें और पुरुष, अपने-अपने राज्यों से दिल्ली, मुंबई एवं अन्य राज्यों में जाकर घरेलू काम करते हैं। सबसे बड़ी विडम्बना यह है कि इनकी संख्या लगभग 15 लाख से 20 लाख है। यह सरकारी आंकड़ा है। उन लोगों की सुरक्षा और मानदेय की व्यवस्था नहीं है। उनका कहीं रजिस्ट्रेशन नहीं है कि कितने लोग कहां पर कार्यरत हैं। जब मर्जी हो लोग उनको नौकरी से हटा देते हैं, उनको सताया जाता है, उनको परेशान किया जाता है। खासकर, जो आदिवासी परिवार हैं, जो झारखंड प्रदेश से यहां नौकरी की तलाश में आते हैं, उनके साथ काफी कठिनाई है। आप से हमारा आग्रह होगा कि इनकी लिस्टिंग की जाये और एक नियम बनाया जाये, जो पूरे देश में लागू हो। यही मेरा आपसे आग्रह है।

HON. DEPUTY-SPEAKER: Shri Bhairon Prasad Mishra and Kunwar Pushpendra Singh Chandel are permitted to associate with the issue raised by Shri Ravindra Kumar Pandey.